भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो
अमरावती रोड, नागपुर - 440033, महाराष्ट्र

# संदेश

## राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा 2024

अखिल भारत में बोली, समझी जाने वाली राष्ट्रभाषा हिन्दी, हमारी राजभाषा भी है । आत्यंतिक गुणों, विशेषताओं को दृष्टिगत रख, संविधान निर्मात्री सभा द्वारा हिन्दी को 14 सितंबर 1949 को राजभाषा का स्थान दिया गया । आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाली हिन्दी को, राजभाषा के रूप में भी सहर्ष स्वीकार कर लिया गया । यद्यपि आरंभ में इसका कार्यान्वयन तनिक दुरूह था, परंतु कालांतर में यह व्यापक स्तर पर कार्यालयों में व्यवहृत होने लगी ।

भाकृअनुप–राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर में भी राजभाषा अधिनियम 1963 एवं राजभाषा नियम 1976 के उपबंधों, नियमों एवं विनियमों का पूर्णतः अनुपालन किया जाता है। राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के सभी संभव उपक्रम किए जाने के प्रयास किए जाते हैं । इसी अनुक्रम में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं परिषद मुख्यालय के आदेशों के अनुपालन में ब्यूरो में हमेशा की तरह राजभाषा “हिन्दी पखवाड़ा 2024” का आयोजन, 13 सितंबर 2024 से 30 सितंबर 2024 तक किया जा रहा है ।

मुझे पूरी आशा है कि, ब्यूरो के समस्त कार्मिक राजभाषा “हिन्दी पखवाड़ा 2024” के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में सोत्साह प्रतिभागिता करेंगे । और न केवल हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत, अपितु वर्ष भर संविधान सम्मत राजभाषा हिन्दी में कार्यालयीन कार्यों को प्राथमिकता देंगे ।

समस्त ब्यूरो परिवार को राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा की अनेक शुभकमनाएं एवं हार्दिक बधाई !

(एन जी पाटील)
निदेशक